# ददई दुबे को अंतिम विदाई देने उमड़ा जनसैलाब, नम हुई आंखें



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक रहे पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ बाबा ददई दुबे का पार्थिव शरीर शनिवार को रांची से पलामू लाया गया। जहां अपने चहेते नेता लोगों के दिलों के धड़कन रहे बाबा ददई दुबे के पार्थिव शरीर की अंतिम दर्शन हेतु लोग सड़क के किनारे घंटों खड़े रहे। स्व. दुबे का पार्थिव शरीर जैसे ही शनिवार की सुबह पड़वा मोड़ पहुंचा। लोगों की आंखें नम हो गईं। शेर ददई दुबे अमर रहे व जबतक सूरज चांद रहेगा ददई तेरा नाम रहेगा के नारा गूंजने लगे। लोग बाबा के पार्थिव शरीर पर फूलों की बारिश करने लगे। पूर्व मंत्री स्वर्गीय ददई दुबे का पार्थिव शरीर के साथ आ रहा काफिला जैसे ही विश्रामपुर विस क्षेत्र में घुसा, नेता-कार्यकर्त्ता दलों की दूरी भूलकर स्व दुबे को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, वरीय कांग्रेसी नेता चंद्रशेखर शुक्ला, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष बिट्टू पाठक, वरीय कांग्रेसी नेता बिजय कुमार चौबे, जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र शुक्ला गुड्डू, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित,वीरेंद्र चौबे उर्फ गामा चौबे, बिल्लू चौबे, प्रेम शंकर दुबे, युवा समाजसेवी कृष्णा दुबे, नावाबाजार जिप सदस्य अनूज राम, चनेया सीएसडी कॉलेज के प्राचार्य देवेन्द्र कुमार पाठक, पारस दुबे, पंकज पांडेय उर्फ छोटू, जन्मेजय पांडेय, प्रहलाद दुबे, अशोक दुबे, पूर्व जिप सदस्य अनुज राम, रामानंद पांडेय, दिलीप पांडेय,नवल पांडेय, उज्जवल कुमार दुबे, कृष्णा दुबे, बिरु दुबे, बिजय दुबे, ललित चौबे डब्लू, आलोक चौबे, मणिभूषण पांडेय, राजनाथ पांडेय, अरविंद चौबे, भाजपा जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, प्रिंस दुबे, , कांग्रेस अध्यक्ष सच्चिदानंद शुक्ला, शशि पांडेय, शिव पांडेय, युगल किशोर पांडेय सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### 20 किमी दूरी तय करने में लगे तीन घंटे

पड़वा मोड़ से रेहला की दूरी लगभग 20 किलोमीटर है, जिसे वाहन से तय करने में मात्र तीस मिनट लगता है। लेकिन ददई दुबे के पार्थिव शरीर के साथ चल रहे काफिले को यह दूरी तय करने में तीन घंटे से भी ज्यादा का समय लगा। हर जगह, हर चौक-चौराहा व हर गांव के सामने सड़क किनारे लोग स्व दुबे के अंतिम दर्शन हेतु कतारबद्ध खड़े थे। पड़वा मोड़, राजहरा कोठी चौक, बसना, ब्रहमोरिया, भंडार, गुरी, कधवन, शंखा, केतात, बीमोड़, डंडिला कला, रेहला महाबीर चौक व रेहला थाना चौक पर लोगो का हुजूम घंटो खड़ा रहा। लोगों ने अपने चहेते स्वर्गीय ददई दुबे के पार्थिव शरीर पर फूलों की बारिश की। अपने नेता को अंतिम विदाई भी दी।

### पूर्व सांसद के निधन पर शोक व्यक्त

**मोहम्मदगंज।** पूर्व सांसद चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के निधन पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव (गढ़वा प्रभारी) सत्यनारायण सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी कुश कुमार सिंह उर्फ मिंटू सिंह, मोहम्मदगंज प्रखंड अध्यक्ष नदीम खान सहित विवेक विशाल, राहुल सिंह, महताब सिद्दीकी, राम जन्म राम, राम बचन बैठा,फिरोज अहमद सिद्दीकी, संजीव कुमार सिंह, निजाम अंसारी व कई ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनके निधन को पार्टी एवं समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में इसकी भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने इस दुःख की घड़ी में परिवार के लोगों के साथ होने की बात कही। उन्होंने कहा कि ईश्वर शोक संतप्त परिवार के सभी सदस्यों को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

### प्रतिनिधियों ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**नीलांबर-पीतांबरपुर।** प्रखंड अंतर्गत कोटखास पंचायत के गोपालगंज में शनिवार को ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। इसका विधिवत उद्घाटन प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, पूर्व मुखिया प्रत्याशी सह समाजसेवी निर्मल मेहता, बच्चन ठाकुर द्वारा संयुक्त रूप से विधिवत पूजा पाठ कर नारियल फोड़ने के साथ फीता काटकर किया गया। मौके पर समाजसेवी निर्मल मेहता ने कहा कि ट्रांसफार्मर नहीं रहने के कारण ग्रामवासियों को विभिन्न बिजली संबंधित कार्य करने में काफी परेशानी हो रही थी। बच्चों का लिखाई पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियां भी बाधित हो रही थी। अब ट्रांसफार्मर के लगने से गांव में उजाला रहेगा और विभिन्न परेशानियों से छुटकारा मिल पाएगा। मौके पर मुख्य रूप से कमेश यादव, अमलेश राम, गोपाल प्रसाद गुप्ता, वीरेंद्र प्रसाद, संजय पांडे, अजय कुमार सहित काफी संख्या में गांव की ग्रामीण मौजूद थे।

## न्यूज | बॉक्स

### ददई दुबे का जीवन संघर्ष, समर्पण का रहा : कृष्णा

**नावाबाजार।** चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन को ले शनिवार पंड़वा मोड़ पहुंचा। जहां उनके पार्थिव शरीर पर फूल माला डालकर शोक संवेदना व्यक्त किया। सैकड़ों समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं पार्थीव शरीर को चनेया राजहरा सीएसडी कॉलेज में ले जाया गया। जहां उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर कृष्णा दुबे ने कहा कि पूर्व मंत्री स्वर्गीय ददई दुबे का असामयिक निधन क्षेत्र की आम जनता सहित मजदूरों की एक कड़क आवाज हमेशा-हमेशा के लिए शांत हो गई। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता एक ऐसे नेता को खो दिया, जो न केवल राजनीति के मंच पर हीं नहीं बल्कि आमजन के दिलों में भी राज करते थे। इनका जीवन संघर्ष, समर्पण व सेवा की मिसाल था। नावाबाजार प्रखंड के पूर्व जिला परिषद सदस्य अनूज राम ने कहा कि उनकी ईमानदारी, बेबाक बोलने की शैली व जनता के लिए उनकी लड़ाई हमेशा विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को प्रेरणा देती रहेगी। उन्होंने कहा कि बाबा के नाम से प्रसिद्ध स्वर्गीय ददई दुबे क्षेत्र के सभी जाति वर्ग के लोगों के लिए एक अभिभावक स्वरूप थे। जिनकी कमियां क्षेत्र की राजनीति में सदैव बने रहेगी। समर्थक रहे बिरु दुबे ने कहा कि मंत्री स्वर्गीय दुबे अपने राजनैतिक जीवन में कभी किसी के दबाव में नहीं आना उनके स्वभाव में था। इस वजह से कई मौको पर उन्हें परेशानी भी हुआ। लेकिन समझौतावादी राजनीति से हमेशा उन्होंने परहेज किया। इंटक की राजनीति में भी वह मजबूत नेता के रूप में जाने जाते थे। इनकी दहाड़ से कोयला कंपनियों का हाड़ कांपती थी। स्वर्गीय दुबे के द्वारा मजदूर हित में किए गए कार्य को कोयला मजदूर हमेशा याद रखेंगे। मौके पर मौके पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, चंद्रशेखर शुक्ला, युवा समाजसेवी कृष्ण दुबे, सीएसडी कॉलेज के प्राचार्य देवेंद्र कुमार पाठक, पारस दुबे, पंकज पांडेय उर्फ छोटू, जन्मेजय पांडेय, प्रहलाद दुबे, अशोक दुबे, पूर्व जिप सदस्य अनुज राम,बिरु दुबे, रामानंद पांडेय, दिलीप पांडेय,नवल पांडेय, उज्जवल कुमार दुबे, राज मुनी पांडेय, विकास दुबे आदि लोग शामिल थे।

### पौधरोपण कर पर्यावरण को करें संतुलित

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत अमन चैन मुहल्ला एवं जपला छतरपुर रोड के नहर मोड़ के समीप धरहरा जपला स्थित संचालित समता स्कूल परिसर में शनिवार को पर्यावरण को संतुलित,स्वच्छ ,सुंदर व हरा भरा बनाए रखने के लिए संकल्प के साथ वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इसमें सैकड़ों फलदार व छायादार पौधरोपण किया गया। इस अभियान में शिक्षक शिक्षिकाए एवं छात्र-छात्राओं ने मिलकर इस वृक्षारोपण का कार्य को सफल बनाया। इस मौके पर विद्यालय के निर्देशक सह प्रधानाचार्य डॉ. अक्षय कुमार चौहान ने बताया कि पेड़ पौधे लगाने से बहुत सारे फायदे हैं। यह न केवल पर्यावरण के लिए, बल्कि मानव स्वस्थ्य और सामाजिक जीवन के लिए भी लाभदायक है। पेड़-पौधे हवा को शुद्ध करते हैं। जल संरक्षण में मदद करते हैं। मिट्टी के कटाव को रोकते हैं। मौके पर उपस्थित विद्यालय के शिक्षक विनोद चौधरी, किरण देवी, संतोष मिश्रा, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह,राहुल गुप्ता, राहुल चौहान, प्रियंका देवी, दशरथ कुमार, रिमझिम देवी, प्रियंका देवी, सानिया खातून, प्रियंका देवी, सुभाष कुमार शकुंतला देवी, बबिता देवी, रीना देवी, उम्म जहरा, मुकेश कुमार, संजीत कुमार, अंशी कुमारी, चांदनी कुमारी, कार्तिक प्रसाद, नंदू प्रजापति, अनूप पांडेय एवं परिचारिका विमला कुंवर एवं काफी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### तैलिक साहू समाज की प्रमंडलीय बैठक आज

**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** पलामू प्रमंडलीय तैलिक साहू समाज की बैठक आज होटल रामड़ा मेदिनीनगर (पलामू) में रखी गई है। बैठक में पलामू, गढ़वा और लातेहार जिलों के सभी प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड सचिव, कोषाध्यक्ष, जिला कमिटी सदस्य एवं प्रमंडलीय पदाधिकारी भाग लेंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना, समाज में उत्पन्न समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रयास करना और संगठन के विस्तार पर विचार-विमर्श करना है। इस महत्वपूर्ण बैठक को लेकर पलामू प्रमंडलीय अध्यक्ष रामदास साहू ने सभी संबंधित पदाधिकारियों से आग्रह किया है कि वे समय से उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि समाज को एकजुट रखने और उसकी आवाज को बुलंद करने के लिए संगठित प्रयास बेहद जरूरी है। यह बैठक संगठन के आगामी कार्यक्रमों की दिशा तय करने में मील का पत्थर साबित हो सकती है।

### पंचायत का विकास एक मात्र उद्देश्य : मुखिया

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा पंचायत के मुखिया रोहित तिवारी ने कहा कि पंचायत का विकास करना एक मात्र उद्देश्य है। जिसे लक्ष्य बनाकर कार्य किया जा रहा है। जिसमें लोगों का सहयोग मिल रहा है। कहा कि वे लोगों की जरुरतों को महसूस कर हर-संभव सहयोग भी करते रहे हैं। पंचायत क्षेत्र में जरूरत मंदों को चिंहित कर प्रधानमंत्री आवास व अबुआ आवास उपलब्ध कराया गया है। वंचित लोगों को भी आवास का लाभ मिलेगा, इसके लिए उनके द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम कराया जा रहा है। पंचायत को मिलने वाली 15 वें वित्त की राशि से गांव की सड़कों को बनावाया जा रहा है। विद्यालय में शैक्षणिक माहौल तैयार करने को लेकर स्वच्छ पेयजल व बच्चों के लिए खेल पार्क तैयार किया गया है। विद्यालय में बच्चों को पोषण युक्त पोषाहार मिले इसके लिए वे नियमित अलग-अलग विद्यालयों में जाकर गुणवत्ता युक्त पोषाहार की जांच करते हुए स्वयं भी बच्चों के साथ बैठकर पोषाहार लेते हैं। कहा कि अगर किसी को परेशानी हो तो वे स्वयं आकर मिल अपनी समस्याओं को सांझा करें, उसे दूर करने का हरसंभव प्रयास होगा। मनरेगा की योजनाएं पंचायत में चल रही है। जिससे मनरेगा मजदूरों को रोजगार मिल रहा है। कुछ विकास विरोधी बाधक बन रहे हैं फिर भी वे अपने उद्देश्य को आगे बढ़ा रहे हैं।

# धमकी देने के मामले में दिया गया आवेदन



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर(पलामू)।** प्रखंड के चराई पंचायत के मुखिया सह जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष रबिंद्र राम ने छतरपुर के बड़े व्यवसायी बैजनाथ प्रसाद पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों ने थाना में आवेदन देने की बात बताई। इस संदर्भ में मुखिया रबिंद्र राम ने बताया कि उनकी पैतृक जमीन पर बाजबरन बैजनाथ प्रसाद के द्वारा कब्जा कर लिया गया था, जिसे मेरे गोतिया के लोगों के द्वारा उस जमीन पर जुताई कर दी। इससे नाराज होकर बैजनाथ प्रसाद ने फोन कर उन्हें जातिसूचक शब्द का प्रयोग करते हुए उन्हें और उनके परिवार के सदस्य को जान से मारने की धमकी दी है। मुखिया ने कहा कि बैजनाथ प्रसाद के द्वारा कहा गया कि उनकी पहुंच मंत्री तक है और उनसे उलझने पर कुछ भी कराने की धमकी दी है। इधर बैजनाथ प्रसाद ने बताया कि मुखिया रबिंद्र राम के दादा परदादा उनके पूर्वजों के हाथों अपनी जमीन बेच डाली थी जिसका कागजात भी हमारे पास है और 50 वर्ष से भी अधिक समय से जोतकोड़ से करते आ रहें थे। बैजनाथ प्रसाद ने कहा कि उन्होंने मुखिया के साथ कोई अभद्र व्यवहार नहीं किया है और न ही जान से मारने की धमकी दी है,उनके द्वारा लगाया गया आरोप निराधार और झूठा है।

### युवाओं का जत्था देवघर रवाना हुआ



**मोहम्मदगंज।** देवघर में बाबा बैजनाथ का सावन की पहली सोमवारी को जलाभिषेक करने को लेकर शिलापर गांव से कांवरिया युवा कविंद्र कुमार मेहता,चंदन कुमार पुरावशेष, प्रशांत कुमार, सुनील कुमार यादव, पंकज मेहता, ध्रुव कुमार मेहता और सत्येंद्र कुमार उर्फ छोटू का जत्था सड़क मार्ग से रवाना हुआ है। इससे पहले उन्होंने कुलदेवता और भीमचूल्हा शिव मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर मत्था टेक मंगलमय यात्रा का प्रार्थना की। भीमचूल्हा में पुजारी सह गाइड गंगा तिवारी और सेवक सत्येंद्र कुमार चंद्रवंशी ने मंत्रोच्चारण के साथ उन्हें रवाना किया। कांवरिया युवाओं ने कहा कि वे बाबा बैजनाथ से परिवार, समाज और क्षेत्र की सुख-शान्ति और समृद्धि की कामना करने को लेकर जा रहे हैं।

# सैनिटरी नैपकिन यूनिट शुरू करने को लेकर बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शनिवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में पलास जेएसएलपीएस के तत्वाधान में सैनिटरी नैपकिन यूनिट फिर चालू करने हेतु सैनिटरी नैपकिन उत्पादक समूह का विशेष बैठक प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अंजनी कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक के दौरान सैनिटरी नैपकिन यूनिट को फिर चालू करने, इसकी सुरक्षा इंतजाम, मार्केटिंग आदि पर विस्तार से विचार किया गया। उत्पादक समूह के सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया कि उक्त भवन में पथरा संकुल संगठन का भी कार्यालय खोला जाएगा। साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण को देखते हुए अंदर तथा बाहर कई सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। विदित हो कि जून 2022 में चोरी की घटना के बाद से यूनिट बंद पड़ा हुआ है। जिसे पुनः चालू करने की प्रक्रिया तेज किया जा रहा है। आवेदन देकर यूनिट को फिर से चालू करने का अनुमति मांगा गया है। मौके पर जेएसएलपीएस के कार्यक्रम प्रबंधक अंजनी कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत समूहों का गठन कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। साथ ही कई रोजगारोन्मुखी योजना का सफल संचालन महिला स्वयं सहायता समूह के माध्यम से किया जा रहा है। क्षेत्र की महिलाएं समूह से जुड़कर स्वरोजगार से जुड़े यह जेएसएलपीएस की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि प्लांट शुरू होने से समूह की दर्जनों महिलाओं को स्वरोजगार मिलेगा। उन्होंने बताया कि यूनिट के शुरू होने के उपरांत क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय व महिलाओं से सम्बंधित अन्य संस्थान में सप्लाई देने की योजना है।

इस बैठक में उत्पादक समूह के अध्यक्ष सीमा देवी, सचिव निर्मला देवी, रंजू देवी, मीरा देवी, निशु देवी, रीना देवी आदि उपस्थित रहीं।

# दुकानदारों से फोन पे अपडेट के नाम 80 हजार की ठगी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** सतबरवा के मेला टांड़ स्थित एक मेडिकल दुकान के संचालक सुनील कुमार से शनिवार को साइबर अपराधियों ने 80 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित सुनील कुमार ने बताया कि शाम करीब 3 बजे तीन युवक उनकी दुकान के सामने खड़े थे। उनमें से एक ने पानी मांगा, पानी मैंने दे दिया। इसके बाद एक युवक ने खुद को फोन पे से जुड़ा कर्मी बताते हुए कहा कि वे ऐसे सॉफ्टवेयर पर काम करते हैं जिससे फोन पे से भुगतान करते समय जो आवाज आती है और जिसके नाम पर मासिक शुल्क कटता है, वह आवाज जाएगी और चार्ज भी नहीं कटेगा। उन्होंने पहले 19 रुपये का ट्रांजैक्शन करवाया, फिर सुनील कुमार से उनका मोबाइल फोन मांग लिया। मोबाइल में कुछ छेड़छाड़ करने के बाद उन्होंने कहा कि अब से आवाज भी आएगी और कोई मासिक चार्ज भी नहीं कटेगा। इसके बाद तीनों युवक एक चार पहिया वाहन में सवार होकर मेदिनीनगर की ओर रवाना हो गए। कुछ ही देर में सुनील कुमार के एसबीआई खाता संख्या 31085410076 से तीन बार में – 25 हजार, 25 हजार और 30 हजार रुपये – कुल 80 हजार रुपये कट गए। घटना की सूचना पीड़ित ने तुरंत सतबरवा थाना को दी, साथ ही साइबर थाना मेदिनीनगर में भी शिकायत दर्ज कराई है। इस घटना के बाद इलाके में चर्चा का माहौल गर्म है। स्थानीय लोगों का कहना है कि साइबर ठग दुकानदारों से फोन पे अपडेट के नाम पर संपर्क कर रहे हैं, जिससे व्यवसायियों में हड़कंप मच गया है।

# दो वारंटी गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** लेस्लीगंज थाना पुलिस ने न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आधार पर दो फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। कार्यवाहक लेस्लीगंज थाना प्रभारी विक्रम शील ने बताया कि माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत दो वारंट के आलोक में पहला मामला लेस्लीगंज थाना कांड संख्या 07/2014, न्यायालय जी.आर.-1338/2014 से जुड़ा है, जिसमें वारंटी अभियुक्त काली यादव उर्फ कैलू (उम्र 62 वर्ष), पिता स्व. छवि यादव, ग्राम-धावाडीह (होसिर टोला), थाना-लेस्लीगंज को गिरफ्तार किया गया।वहीं दूसरा मामला लेस्लीगंज थाना कांड संख्या 27/2011, न्यायालय जी.आर.-751/2011 से संबंधित है, जिसमें वारंटी अभियुक्त जगत महतो (उम्र 55 वर्ष), पिता स्व. झम्मन महतो, ग्राम-ओड़िया (सेवई), थाना-लेस्लीगंज को गिरफ्तार किया गया।दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।वही पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश गया है।

### लगातार बारिश शिवभक्तों के लिए सुकूनदायक बना

**मोहम्मदगंज।** आषाढ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन मौसम पूवानुर्मान के अनुसार रिमझिम बारिश से मनभावन प्राकृतिक सौंदर्य बिखर गया है। इससे चढते सावन के साथ गर्मी के काफूर होने से भगवान शिव को जलाभिषेक को लेकर भक्तों को सुकूनदायक वातावरण में आस्था का प्रकटीकरण करने की उम्मीद जताई गई है। बाबाधाम जाने वाले कांवरियों के लिए भी अन्य वर्षों की अपेक्षाकृत राहतभरा मौसम की संभावना बढ गई है। मगर, खरीफ और भदई फसलों के लिए इसे नुकसानदायक बताया जा रहा है। कहा गया कि भदई फसलों में छिटपुट रूप से अरहर को छोड़ मक्का, तील और मूंगफली को बोवाई नहीं हुआ। इससे लगातार बारिश को लेकर किसान चिंतित बताए जाते हैं।

# सावन माह में भी प्यासे है जलाशय, किसानो में मायूसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** प्रखंड में वर्षा कम होने से किसानो में मायूसी है, अषाढ़ माह बीत कर सावन महीना भी तीन दिन बीत गया लेकिन इस क्षेत्र के बरसाती नदियां और तालाब आज भी सुखी है और मवेशीयी के लिए चारागाह का श्रोत बने है। किसानों ने अपना जमा पूंजी धान बीज बोवाई में लगा दिये है। इस क्षेत्र में कृषि कार्य आज भी भगवान भरोसे और प्राचीन कृषि पद्धति के अनुसार ही होता है, साथ ही जिरुआ जलाशय कुछ और तालाबों को छोड़ कर वर्षा जल संचय नहीं किया जाता है। जिरुआ जलाशय पर निर्भर गढ़वा, सतबहिनी, सुखड़ा आदि नदिया आज भी सुखी हुई है। इन नदियों पर ही इस क्षेत्र में कृषि कार्य निर्भर है इन नदियों में पानी आने के बाद ही इसके तह में आने वाले खेतो कि सिंचाई होती है। इस क्षेत्र में औसत से कम बर्षा किसानो के लिए चिंता का विषय है।

**समस्या**

### हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड दो व तीन का हाल-बेहाल

# जल-जमाव से जन जीवन अस्त-व्यस्त, लोग परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद ।** नगर पंचायत के वार्ड-तीन के आईटीआई के समीप में बारिश का पानी जमा होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हुसैनाबाद में रुक-रुककर हो रही लगातार बारिश के कारण नगर पंचायत के वार्ड 3 के आईटीआई के बगल रास्ते में सड़कों पर जल जमाव से सामान्य जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जगह-जगह जल जमाव के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों की परेशानी और बढ़ रही है। आईटीआई के समीप आरसीसी नाली का निर्माण किये जाने के बाद भी सड़क पर जल-जमाव हो गया है। अभी वर्तमान में घूमकर आईटीआई के दक्षिण क्षेत्र से लोगों का आवागमन चालू किया गया है। परंतु सड़कों पर जल जमाव के कारण आवागमन में लोगों को काफी कठिनाई हो रही है। वहीं उक्त रास्ता वार्ड तीन के अलावा दो वार्ड विशुनपुर, दरुआ, रामाबांधी और फातमा चक मुख्य सड़क से जोड़ती है। गांव के मुख्य सड़क से शहरी क्षेत्रों में जाने वाली पूरे सड़क पर जल जमाव की स्थिति बनी हुई है। बताया जाता है कि जपला स्टेशन रोड अनुमंडल रोड सभी सड़कों की स्थिति काफी खराब हो गई हैं। सड़क पर लोगों के सामने जल जमाव एक बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है। इधर बारिश के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में सब्जीयों की फसल बर्बाद हो गई है। जर्जर सड़क पर जल जमाव के कारण राहगीरों की मुश्किलें भी बढ़ गई है । पानी भरे रहने के कारण गड्ढों व सड़कों का पता नहीं चल पाता है और फिसलकर लोग गिर जाते हैं। वार्ड दो के लोग आज भी कच्ची सड़क पर चल रहे हैं। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी तरनीश कुमार हंस ने मुहर्रम बाद जल जमाव की समस्याओं से निजात दिलाने की बात कही थी, परंतु एक सप्ताह बाद भी इस पर अमल नहीं किया गया।

### वज्रपात गिरने से चार लोग घायल



**नौडीहा बाजार।** वज्रपात गिरने से नौडीहा प्रखंड के पंचायत खैरादोहर के ग्राम लकड़ाही में दो लोग घायल हो गए। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार के लिए अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर भेजा गया। वहीं ग्राम सिल्दा खुर्द में उदय सिंह वज्रपात गिरने से दोनों घायल हो गए हैं।

## एआईजी हमिद अख्तर ने उपकारा का निरीक्षण

**श्री बंशीधर नगर।** बंशीधर नगर प्रखंड के महदेईया गांव में निर्मित उपकारा को चालू करने की दिशा में प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। शनिवार को झारखंड कारा निदेशालय के एआईजी (जेल) हमिद अख्तर ने उपकारा का निरीक्षण किया। इस दौरान गढ़वा कारा के जेल अधीक्षक सह अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजय कुमार प्रसाद, भवन प्रमंडल पदाधिकारी प्रेमलाल सिंह, बंशीधर नगर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, अंचल अधिकारी विकास कुमार सिंह समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान एआईजी हमिद अख्तर ने उपकारा में मौजूद अधूरी व्यवस्थाओं की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली और जल्द से जल्द सभी खामियों को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि उपकारा परिसर में पंखों और लाइट की सुविधा, झाड़ियों की सफाई, पीने के पानी के लिए हैंडपंप, कमरों की साफ-सफाई जैसे कई बुनियादी कार्य अधूरे हैं, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पूरे परिसर का गहन निरीक्षण किया गया है और संबंधित विभागों को आवश्यक सुधार कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने अनुमान जताया कि सभी जरूरी काम समय पर पूरे हो जाने पर उपकारा को चालू होने में लगभग छह माह का समय लग सकता है। निरीक्षण कार्यक्रम में अंचल निरीक्षक, अंचल अमीन सहित कई अन्य कर्मी और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे। प्रशासन की सक्रियता से अब क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि लंबे समय से बंद पड़ी इस उपकारा को जल्द ही संचालन में लाया जाएगा।

## 13 डीलर लाभुकों के ई-केवाईसी करने में पिछड़े, विभाग ने मांगा स्पष्टीकरण

**डंडई।** प्रखंड के समस्त जन वितरण प्रणाली दुकान के डीलरों के द्वारा 30 जून तक विभाग के निर्देशानुसार लाभुकों का ई-केवाईसी का कार्य पूरा किया जाना था। परंतु प्रखंड के 13 डीलरों के द्वारा सत प्रतिशत ईकेवाईसी निर्धारित तिथि के अंदर नहीं किया जा सका। जिसको लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी का कार्यालय गढ़वा जिला आपूर्ति शाखा के द्वारा डंडई प्रखंड के 13 डीलर बादल महिला समूह,भारत महिला स्वयं सहायता समूह, गंगा महिला समूह, महाजुद्दीन अंसारी, नारायण राम, प्रशांत प्रसाद, रजवंती देवी, रामगुलाम शाह, रानी महिला विकास समिति,सवेरा महिला समूह, सावित्री महिला बचत समिति, सोना महिला समूह तथा सूर्यवंशी महिला समूह से सत प्रतिशत ई केवाईसी नहीं करने पर स्पष्टीकरण मांगा गया है। मामले में प्रभारी प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी यशवंत नायक ने कहा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित लाभुकों पीला एवं गुलाबी कार्ड का सत प्रतिशत ईकेवाईसी दिनांक 30 जून 2025 तक पूर्ण कर लिया जाना था इस हेतु बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद भी डंडई प्रखंड के 13 जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के द्वारा ईकेवाईसी कार्य में शिथिलता बरती गई है प्रभारी ने कहा कि डीलरों के द्वारा स्पष्टीकरण मांगा गया है यदि जवाब संतोषजनक नहीं मिला तो डीलरों के ऊपर कारवाई किया जाएगा।

## छात्र-छात्राओं के बीच नोटबुक का वितरण

**केतार।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुकुंदपुर में शनिवार को 257 छात्र-छात्राओं के बीच नोटबुक वितरण किया गया। नोटबुक वितरण मुखिया मूंगा साह और विद्यालय प्रभारी विजय कुमार ने किया। इस अवसर पर मुखिया मूंगा साह ने कहा कि सरकार की यह योजना गरीब और पिछड़े वर्ग के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार ने बताया कि पहली से आठवीं कक्षा के बच्चों के बीच नोटबुक वितरण किया गया। उन्होंने राज्य सरकार की इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की पढ़ाई अब बाधित नहीं होगी। इस मौके पर शिक्षक सुरेन्द्र ठाकुर, देवकुमार सिंह, दयाशंकर बैध, लता कुमारी सहित प्रबंधन समिति अध्यक्ष सीमा देवी, संयोजिका रेखा देवी सहित अन्य मौजूद थे।

## रसोईया सह संयोजिका को दिया गया प्रशिक्षण

**श्री बंशीधर नगर।** संकुल संसाधन केंद्र चितविश्राम में प्रधानमंत्री पोषण मध्याह्न शक्ति योजना के तहत रसोईया सह संयोजिका का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। संकुल संसाधन केंद्र चितविश्राम में प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रशिक्षक सीआरपी सजंय कुमार सिंह, प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारिका नाथ पांडेय, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सारिका शर्मा, संयोजिका मीना देवी, रंभा कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया प्रशिक्षक सजंय कुमार सिंह, संयोजिका रंभा कुमारी ने रसोईया सह सहायिका को बिंदुवार विस्तार सेउनके कर्तव्य व दायित्व की जानकारी दिया। प्रशिक्षक सजंय कुमार सिंह ने कहा कि खाना बनाते समय स्वच्छता का विशेष ध्यान देने, खाद्य पदार्थों के सुरक्षित संचालन व भंडारण करने की जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि रसोईया -सह सहायिका को स्वच्छ सुरक्षात्मक कपड़े, सिर ढ़कने वाले कपड़े, एप्रोन और दस्ताने का इस्तेमाल करना है, एलपीजी गैस एंव चूल्हे का सही एंव सुरक्षित तरीके से इस्तेमाल करने का उपाय बताया। सभी रसोईया सह सहायिका को चावल की सफाई, सब्जी,धुलाई एंव काटना, दाल सफाई, किचेन सह स्टोर वाले कक्ष की साफ-सफाई, खाना पकाने, खाना परोसने के जानकारी दिया सीआरपी ने वर्ग 1-5 वाले बच्चों को चावल 100 ग्राम, दाल,20 ग्राम, सब्जी 50 ग्राम, तेल 0.5 मिली लीटर तथा 6- 8 के लिए चावल 150 ग्राम,दाल 30 ग्राम, सब्जी,75 ग्राम,तेल की मात्रा के साथ साथ साप्ताहिक मेनू व पूरक पोषाहार की जानकारी विस्तार से दिया। इस अवसर पर संयोजिका सह प्रशिक्षक रंभा कुमारी, मीना कुमारी सहित रसोईया ने भी अपने अनुभव साझा किया सजंय कुमार सिंह ने कहा कि कोई भी सामान क्रय करने के लिए क्रय समित का गठन कर सामान की खरीदारी करना चाहिये। प्रशिक्षण में शारदा देवी, बबिता देवी, मालती देवी, सुनीता देवी, रीना देवी, निर्मला देवी, ललिता देवी, फूलकुमारी देवी, राजकुमारी देवी, रूपा देवी, नागवन्ति देवी, अनिता देवी, उतिमा देवी, देवंती देवी, विन्दा देवी, रूपा देवी सहित सभी रसोइया सह सहायिका उपस्थित थी।

## बैटरी चोरी होने की शिकायत दर्ज

**केतार।** बाजार निवासी दिलीप जयसवाल ने थाना में आवेदन देकर दो ट्रैक्टर से दो बैटरी चोरी होने की शिकायत की है। आवेदन में उल्लेख किया है कि 27 जून को दोनों ट्रैक्टर चारदीवारी के अंदर लगाया हुआ था। लेकिन जब 8 जुलाई को खेतों की जुताई कराने के लिए अपने ड्राइवर को लेकर ट्रैक्टर निकालने गया तो देखा की मेरा दोनों ट्रैक्टर का बैटरी गायब है। अपने स्तर से काफी खोजबीन किया लेकिन बैटरी और चोर का पता नहीं चल सका। आवेदक दिलीप ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर उक्त अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बैटरी खोजने का आग्रह किया है। बताते चले कि पिछले कुछ महीने से बाजार के ही क्षेत्र में लगभग आधा दर्जन ट्रैक्टर का बैटरी चोरी होने का मामला सामने आया है। लेकिन चोर अभी तक पुलिस के पकड़ से बाहर है। इस कारण वाहन मालिकों में भय का माहौल है। ट्रैक्टर मालिक और बाजार के लोग पुलिस कि सक्रियता पर सवाल उठा रहे हैं। इस संबंध में प्रभारी थाना प्रभारी चंदन कुमार ने कहा कि अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन किया जा रहा है।

## जमीन विवाद में महिला से मारपीट, मामला दर्ज

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के बूका गांव अंतर्गत पनियानी टोला में जमीनी विवाद को लेकर जातिसूचक गाली-गलौज, मारपीट और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित विपत भुइयां ने भवनाथपुर थाना में गांव के ही गिरेंद्र राउत और पतिराज राउत के खिलाफ लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि वह अपने खेत में ट्रैक्टर से जुताई करवा रहा था, तभी दोनों आरोपी लाठी-डंडा लेकर वहां पहुंचे और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसके साथ मारपीट करने लगे। पीड़ित का आरोप है कि जब उसकी बहू बीच-बचाव करने आई, तो आरोपियों ने उसे बाल पकड़कर घसीटते हुए अपमानित किया, जिससे उसकी बहू की गरिमा को ठेस पहुंची। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार भयभीत है और न्याय की गुहार लगा रहा है। उन्होंने थाना प्रभारी से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ शीघ्र कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया जाए।

## युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कांडी(संवाददाता)।** कांडी थाना अंतर्गत ग्राम पिपरडीह की रहने वाली रीना कुमारी उम्र 16 वर्ष पिता रंगनाथ यादव के द्वारा अपने घर पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुअनि विद्यासागर प्रसाद के द्वारा शव का मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट और डेड बॉडी चालान तैयार कर शव का अंत्य परीक्षण हेतु गढ़वा सदर अस्पताल भेजा गया जहां शव का अंत्य परीक्षण कर शव को परिवार वालों को सौंप दिया गया है। थाना प्रभारी अविनाश राज ने कहा कि आत्महत्या का स्पष्ट कारण हेतु जांच जारी है।

### डीसी व एसपी समेत कई पदाधिकारियों ने किया मंडल डैम का निरीक्षण

# परियोजना स्थल पर जल्द काम होगा शुरू : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के भंडरिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बहुप्रतीक्षित मंडल डैम परियोजना को शीघ्र प्रारंभ किए जाने को लेकर कवायद तेज कर दी गई है। इसी क्रम में उपायुक्त-दिनेश कुमार यादव एवं पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, वरीय पदाधिकारियों के साथ मंडल डैम क्षेत्र का भ्रमण कर वस्तुस्थिति से अवगत हुए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने डैम स्थल पर विभिन्न बिंदुओं का जायजा लिया और यह सुनिश्चित किया कि कार्य प्रारंभ किए जाने से पहले सभी आवश्यक पूर्व-तैयारियां पूर्ण रूप से की जाएं। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि परियोजना स्थल पर जल्द ही कार्य प्रारंभ होगा और इसके लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया गया है। मंडल डैम परियोजना लंबे समय से लंबित है, परंतु अब इसे सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने की दिशा में प्रशासन द्वारा गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान जलाशय स्तर, सुरक्षा मानकों, भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं विस्थापितों से जुड़ी प्रक्रियाओं की भी समीक्षा की गई।

### डैम के बचे हुए कार्यों को पूरा कराना प्राथमिकता

उपायुक्त ने बताया कि मंडल डैम को लेकर केंद्र और राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही हैं। इसको लेकर सरकार काफी पैसे भी खर्च कर रही है। किंतु किसी कारणों से यह परियोजना अभी तक चालू नहीं हो पाई है। इसी को देखते हुए हम लोग यहां निरीक्षण करने आए हैं। ताकि यह जान सके की किन कारणों से यह परियोजना अभी तक रुका हुआ है। उन्होंने बताया कि मंडल डैम के बचे हुए कार्यों को पूरा कराना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी, साथ ही साथ वहां की जनता को विस्थापित करके उनके पुनर्वास की व्यवस्था करना है। इसको लेकर के वहां के गांव वालों से लगातार बात चल रही है। विस्थापित लोगों के लिए विश्रामपुर क्षेत्र में स्थल का चुनाव किया गया है। वहां उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। आने वाले एक दो सालों के अंदर इस डैम को हमलोग शुरू कराने का पूरा प्रयास करेंगे, ताकि जिस उद्देश्य इस डैम का निर्माण कराया गया था उसको पूरा किया जा सके। यह परियोजना सभी के लिए लाभप्रद साबित होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य प्रारंभ होने से पूर्व सभी तकनीकी एवं सामाजिक पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि परियोजना की शुरुआत व्यवस्थित और सुचारु रूप से की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि विस्थापित परिवारों के पुनर्वास, मुआवजा वितरण एवं आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता प्राथमिकता होगी। भ्रमण निरीक्षण के दौरान पलामू व्याघ्र परियोजना के उप निदेशक प्रजेश कांत जेना, गढ़वा के अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, रंका के अनुमंडल पदाधिकारी रुद्र प्रताप, प्रखंड विकास पदाधिकारी भंडारिया अमित कुमार, अंचल अधिकारी भंडारिया राकेश भूषण सिंह सहित अन्य संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाया गया



**मेराल।** थाना कांड संख्या 412/19 के प्राथमिकी अभियुक्त विशुनपुरा थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव निवासी गुड्डू उर्फ फैजान अंसारी के घर पर मेराल थाना प्रभारी बिष्णु कांत द्वारा शनिवार को इश्तेहार चिपकाया गया। गुड्डू उर्फ फैजान बहुत दिनों से फरार चल रहा है। जिसे लेकर अभियुक्त के घर में पुलिस बल के साथ इश्तेहार चिपकाया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी बिष्णु कांत ने बताया कि फैजान पर धोखाधड़ी एवं जालसाजी करने को लेकर मेराल थाना में केस दर्ज है। लेकिन फैजान लगातार फरार चल रहा है। माननीय न्यायालय के आदेश पर फरार वारंटी के घर इश्तेहार चिपकाया गया।

## पिकअप की चपेट में आने से बच्चा घायल

**केतार।** कांडी मुख्य पथ पर बांसडीह गांव के बीघा टोला पर अज्ञात पिकअप वैन के चपेट में आने से कृष्णकांत राम का पुत्र छोटू कुमार (6) गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह छोटू अपने घर के समीप सड़क किनारे खेल रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप वैन ने धक्का मारकर फरार हो गया। आनन-फानन में परिजनों ने छोटू को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में भर्ती कराया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार उक्त बच्चा को माथा और गर्दन में गंभीर चोट लगी है। घटना के बाद समाजसेवी पंकज सिंह ने घटनास्थल पर जाकर परिजनों से मुलाकात की।

# पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे को गढ़वा में दी गई श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री स्व. चंद्रशेखर दुबे को शनिवार को गढ़वा पुलिस लाइन परिसर में राजकीय सम्मान के साथ श्रद्धांजलि दी गई। उनका पार्थिव शरीर जैसे ही गढ़वा पहुंचा, उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए बड़ी संख्या में आम नागरिक, जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त दिनेश कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार समेत अन्य अधिकारियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें अंतिम विदाई दी। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत मंत्री के सामाजिक और राजनीतिक योगदान को याद किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गढ़वा से उनकी अंतिम यात्रा उनके पैतृक गांव गया के लिए रवाना हुई, जहाँ से पार्थिव शरीर को वाराणसी ले जाया गया, जहां अंतिम संस्कार संपन्न होना है। इस दौरान हजारों समर्थकों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी। जिला प्रशासन द्वारा संपूर्ण प्रक्रिया को व्यवस्थित और सम्मानजनक रूप से संपन्न कराया गया।

### पैतृक गांव चोका के ग्रामीणों ने दी श्रद्धांजलि

**कांडी।** प्रदेश के पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे का पार्थिव शरीर जैसे हीं उनके पैतृक आवास चोका पहुंचा अंतिम दर्शन के लिए लोगों की उमड़ पड़ी। जो जिस स्थिति में था उसी स्थिति में अंतिम दर्शन के लिए पहुंच गया। पूरा गांव व इलाका में शोक की स्थिति है। चारों तरफ अपने प्रिय नेता व बेटा का ही चर्चा लोगों के जुबान पर है। एक ही चर्चा है कि वाकई में वे नेक दिल इंसान के साथ साथ जमीन से जुड़े नेता थे। इनकी रिक्तता को भरना क्षेत्र के लिए मुश्किल होगा। पैतृक आवास पर पार्थिव शरीर पहुंचने के बाद सबसे पहले परिजनों द्वारा घर के अंदर रखा गया। जहां पर अपने आत्मीय ने अपने नेता का अंतिम दर्शन किए। उसके बाद लोगों के अंतिम दर्शन के लिए चाहरदीवारी में रखा गया जहां। पर हजारों लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किए।

# महिला का शव पेड़ से झूलता मिला

● **दहेज प्रताड़ना में हत्या की आशंका**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के टरहे गांव स्थित सतूआही बांध के पास परास वन में शनिवार को एक 22 वर्षीय महिला का शव पेड़ से झूलता हुआ मिला। मृतका की पहचान पुरहे गांव के गवरवा टोला निवासी संतोष रजवार की पत्नी प्रभा देवी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। पुलिस के अनुसार, महिला की लाश साड़ी के फंदे से झूलती मिली थी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुनील तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतरवाकर थाना लाया गया। शव की पहचान होने के बाद मृतका के मायके वाले थाना पहुंचे। मां ने आरोप लगाया कि प्रभा देवी की हत्या उसके ससुर चुंटूर रजवार ने की है। उन्होंने कहा कि ससुर शराब के नशे में गला दबाकर हत्या किए और फिर आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को पेड़ से लटका दिया। परिजनों ने बताया कि मई 2024 में प्रभा की शादी संतोष रजवार से हुई थी। शादी में दहेज में मोटरसाइकिल भी दी गई थी, इसके बावजूद ससुराल पक्ष लगातार दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करता रहा। मृतका की बड़ी बहन रीता देवी ने भी हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर आत्महत्या होती, तो मोबाइल ब्लाउज पर जस का तस नहीं रहता, वह गिर जाता। वहीं, ससुर चुंटूर रजवार ने बताया कि बेटा संतोष बाहर मजदूरी करता है और शुक्रवार रात प्रभा से उसकी मोबाइल पर बात भी हुई थी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस जांच में जुटी थी और प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई थी।

## ददई दुबे का निधन से शोक की लहर

**भवनाथपुर।** क्षेत्र के लोकप्रिय नेता, पूर्व मंत्री सह इंटक अध्यक्ष चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के आकस्मिक निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन के बाद शनिवार को उनका पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार के लिए बनारस ले जाया जा रहा था। इस दौरान टाउनशिप चौक और भवनाथपुर के कपूरी चौक पर बड़ी संख्या में उनके समर्थक, शुभचिंतक और क्षेत्रीय लोग एकत्र हुए और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। चौक-चौराहों पर फूलों की वर्षा कर और पुष्पांजलि अर्पित कर लोगों ने अपने प्रिय नेता को अंतिम सलामी दी।

# जमीन को लेकर सीओ को आवेदन



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** केतार प्रखंड क्षेत्र के बलिगढ़. पंचायत के गुरूडखाड़ टोला के ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी प्रशांत कुमार को आवेदन देकर ढाढरा नदी के भूमि को जबरन जोतने कि शिकायत की है। ग्रामीणों ने आवेदन में उल्लेख किया है कि ढाढरा नदी के खाली भूमि पर उक्त टोला के ग्रामीण छठ पूजा और होली पर्व पर होलिका दहन पिछले पचास वर्षों से करते आ रहे हैं। लेकिन 8 जुलाई को बलिगढ़ गांव के ही विकर्मा सिंह, राजा सिंह, रौशन सिंह, मणि सिंह, बबलू सिंह, आशिष सिंह के द्वारा ढाढरा नदी के जमीन को जोत दिया गया। ग्रामीणों ने उक्त नदी भूमि को जोतने और उस पर खेती करने से रोकने का गुहार लगाई है। आवेदन देने वालों में लल्लू साह, कमलेश कुमार, नंदू चेरों, मनोज साह, सुनील साह, सुरेश चेरो, उदय साह, गीता देवी, भरदूल साह, चंचला कुमारी सहित दर्जनों लोग शामिल हैं।

# सड़क पर धान रोप कर ग्रामीणों ने जताया विरोध

### जरही से कदैलिया गांव की सड़क कीचड़ में तबदील



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र के जरही से कदैलिया गांव को जोड़ने वाली मुख्य सड़क में जल जमाव के कारण सड़क कीचड़युक्त दलदल में तब्दील हो गई है। जिसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने कीचड़ युक्त दलदल में धान रोपकर विरोध जताया है। धान रोपे कर विरोध जाता रहे ग्रामीण श्रवण पासवान, जितेंद्र पासवान, लखन चौधरी, बंशीधर चौधरी, ओमप्रकाश पासवान, अवध पासवान, लालजी पासवान, विक्रमा राम, देवकुमार राम, नकुल राम, राजेन्द्र चौधरी कलावती देवी,मुनिया देवी अनीता देवी,रामगुनी पासवान, आशीष पासवान सहित अन्य ने कहा कि बारिश का मौसम आते ही यहां के सड़कें कीचड़ व दलदलयुक्त हो जाती है। जिससे लोगों को सड़कों पर चलना मुश्किल हो जाता है। जिससे स्थानीय ग्रामीणों को कीचड़ बड़ी रास्ते से आगमन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार को टेंपो जरही से कदैलिया के तरफ जा रही थी तभी टेंपो सड़क में भारी कीचड़ की दलदल में फस गई। लोगों ने मुश्किल से टेंपो को धक्का और खींच कर बाहर निकला। समस्या को लेकर ग्रामीणों में गुस्सा फूट गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने कीचड़ भरी सड़कों पर धान के पौधे रोपकर विरोध प्रदर्शन किया।लोगों का कहना है कि दशकों बीत गये लेकिन आज तक यहां कोई सड़क नहीं बनी है। चुनावों के दौरान नेता आते हैं और वादों की बाढ़ ला देते हैं लेकिन चुनाव पार होते ही फिर सभी कुछ भुला दिया जाता है। स्थिति इतनी दयनीय हो जाती है कि मरीजों को बिस्तर या कंधों पर ले जाना पड़ता है। लोगों का काम पर तथा बच्चों को स्कूल जाना मुश्किल हो जाता है। गांव में व्यापार और वाणिज्य ठप हो गया है। लगभग दो किमी सड़क गड्ढों और कीचड़ में बदल गई है। तो वहीं अन्य ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्रीय नेता भानु प्रताप शाही जब विधायक थे तो उस समय भी उनके संज्ञान में दिया गया था और वर्तमान विधायक अनंत प्रताप देव को भी संज्ञान में दिया गया है। लेकिन आज तक इन्हीं के द्वारा सड़क नहीं बनवाया गया जिसे लोग सड़क की समस्या से काफी परेशान हैं। जरही पंचायत के मुखिया महेंद्र चौधरी ने कहा कि सड़क में कीचड़ भरी दलदल हो गया है। ग्रामीणों की मांग जायज है। अपने निजी फंड से जल्द ही सड़क का दुरुस्त कराया जाएगा ताकि लोगों का आवागमन में परेशानी ना हो।


झारखण्ड सरकार

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)**

**संयुक्त जिला कृषि कार्यालय, कीनामाड, लातेहार, पिन कोड-829206**

**अत्यंत अल्पकालिन**

**इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) के तहत् सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य योजनान्तर्गत "एग्री क्लीनिक की स्थापना" लातेहार जिला अन्तर्गत दो अनुमण्डल–लातेहार एवं महुआडॉड़ में ATIC Center में संचालन की स्वीकृति प्रदान की गई है। एग्री क्लीनिक का संचालन प्रखण्ड परिसर में स्थित एग्रीक्लचर टेक्नोलॉजी इन फॉरमेशन सेन्टर (ATIC)में किया जाएगा। किसानों को एग्री क्लीनिक से 12 (बारह) सेवाएँ यथा–मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, बीज, खाद, कीटनाशी, सुक्ष्म सिंचाई, कृषि उपादानों के व्यापार हेतु अनुज्ञप्ति, कृषि उपकरण, खेती हेतु सलाह, झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना, सिंचाई सुविधा, कृषि ज्ञान केन्द्र, पशुपालन/डेयरी/मत्स्य पालन संबंधित योजनाओं एवं कृषि उपादानों का दर संबंधी सूचनाओं के बारे में जानकारी दी जायेगी। एग्री क्लीनिक का कार्यअवधि प्रतिदिन 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक की होगी। रविवार एवं NI Act.के तहत् घोषित छुटि्टयों में एग्री क्लीनिक बंद रहेगा। एग्री क्लीनिक संचालन हेतु रू० 7,00,000.00 (सात लाख) प्रति एग्री क्लीनिक प्रति वर्ष के दर से देय होगा। एग्री क्लीनिक का संचालन महिला समूह/स्वंय सहायता समूह/कृषक समूह/सहकारी समितियाँ/गैर सरकारी संस्थाएँ (NGOs) द्वारा किया जायेगा।

कार्यकारी एजेन्सी/संस्था का चयन जिला स्तर पर उपायुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा की जायेगी।

इच्छुक संस्थाएँ अपना आवेदन जिला कृषि कार्यालय, लातेहार में दिनांक 23.07.2025 को अपराह्न 05:00 बजे तक जमा कर सकते है।

नियम एवं शर्तें :–

(क) एग्री क्लीनिक के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यो/कृषि कार्यो में कम से कम तीन वर्षो का अनुभव होना अनिवार्य है।

(ख) एग्री क्लीनिक के अन्तर्गत चयनित संस्थाओं द्वारा जो टीम उपलब्ध कराया जायेगा, उसमें कुल तीन सदस्य होंगे जिसमें एक कर्मी की न्यूनतम योग्यता B.Sc (Agri.) तथा दो अन्य कर्मियो की योग्यता स्नातक के साथ कम्प्यूटर दक्षता न्यूनतम (DCA) अनिवार्य है।

- एजेंसी/संस्थान का GST से संबंधित स्वअभिप्रमाणित प्रति।
- एजेंसी/संस्थान कार्यालय का पूर्ण विवरण से संबंधित शपथपत्र।
- एजेसी/संस्थान का किसी सरकारी कार्यालय/संस्थान द्वारा काली सूची में नहीं होने संबंधित शपथपत्र।
- एजेंसी/संस्थान का कम से कम 500000/–(पाँच लाख) रू० का वार्षिक टर्न ओभर संबंधित दस्तावेज की प्रति।
- एजेंसी/संस्थानके द्वारा अनुण्डल कृषि पदाधिकारी (सामान्य) लातेहार के नाम से रू0 2500/– (दो हजार पाँच सौ) मात्र का डिमाण्ड ड्राफ्ट आवेदन शुल्क के रूप में जमा किया जाएगा।
- इच्छुक एजेंसी/संस्था/समूह इच्छा की अभिव्यक्ति से संबंधित दस्तावेज कार्यालय अवधि में जिला कृषि पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं अथवा परियोजना निदेशक आत्मा, लातेहार के वेबसाईट www.atmalatehar.in से डाउनलोड भी कर सकते हैं। किसी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी हेतु जिला कृषि पदाधिकारी, लातेहार (झारखण्ड) के ई–मेल latehardao@rediffmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला कृषि पदाधिकारी
लातेहार

PR 357148 Agriculture (25-26)_D



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)**

**जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू**

**–: मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के चयनित लाभुकों के लिये आवश्यक सूचना:–**

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत गव्य प्रक्षेत्र के वितीय वर्ष 2024–25 में चयनित महिला लाभुकों को सूचित किया जाता है कि दो दुधारू गाय की योजना की अनुदान राशि उनके Escrow Account में DBT के माध्यम से 30 मार्च 2025 को ही स्थानांतरित कर दिया गया है, परन्तु अब तक कुछेक लाभुकों द्वारा अपना लाभुक अंशदान जमा नहीं किये हैं। योजना के क्रियान्वयन के लिए योजनान्तर्गत लाभुक अंशदान की राशि अपने Escrow Account में 10 दिनों के अंदर जमा करना सुनिश्चित करेंगे। इस आशय की सूचना पूर्व में भी आपके मोबाईल नम्बर पर भी दी गई है एवं प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के माध्यम से भी समय–समय पर सूचना दी गई है परन्तु कुछेक लाभुकों के द्वारा लाभुक अंशदान की राशि अपने Escrow Account में जमा नहीं की गई है, वे अपना लाभुक अंशदान की राशि जमा करते हुए दुधारू पशुमेला से दुधारू गाय पसंद करते हुए क्रय की जाय।

चयनित लाभुकों द्वारा जमा की गई लाभुक अंशदान की राशि की जमा पर्ची संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/जिला गव्य विकास कार्यालय, आजाद नगर, सुदना, पलामू में जमा करना सुनिश्चित करेंगे ताकि योजना का क्रियान्वयन शीघ्र हो सके।

दो दुधारू गाय की योजना में लाभुक अंशदान जमा नहीं किए हैं वैसे लाभुकों की सूची निम्नवत हैं–

| क्र० सं० | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | गांव | पंचायत | प्रखण्ड | मोबाईल न० | आधार सं० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जहांरा बीबी | मातबर असांरी | मुरुमदाग | हुटुकदाग | छतरपुर | 8340792585 | 731490233019 |
| 2 | कुन्ती देवी | जनेश्वर यादव | कुहकुह | चराई–2 | नौडीहा बाजार | 9798601541 | 292330366285 |
| 3 | पुनीया देवी | रामप्रसाद यादव | चराई | चराई–2 | नौडीहा बाजार | 6369743345 | 252291072879 |
| 4 | कुसमी देवी | बाबुलाल राम | लकड़ाही | खैरादोहर | नौडीहा बाजार | 8210501828 | 583882540926 |
| 5 | अराधना देवी | सुरेन्द्र प्रसाद | सेवरा | गुरी | विश्रामपुर | 9304971700 | 559878749409 |
| 6 | संध्या देवी | रविन्द्र सिंह | डाला खुर्द | डाला कला | पाण्डू | 9006450960 | 551175788887 |
| 7 | मंजू देवी | संजय कुमार सिंह | बखारी | कौड़िया | सदर मेदिनीनगर | 8709131143 | 933577053393 |
| 8 | द्रोपती देवी | सुर्यदेव महतो | नरसिंहपुर पथरा | नरसिंहपुर पथरा | चैनपुर | 8434520291 | 735035770818 |
| 9 | मालती देवी | नरेन्द्र प्रसाद | नरसिंहपुर पथरा | नरसिंहपुर पथरा | चैनपुर | 7780030651 | 722929931868 |
| 10 | कुमारी सुनिता चौरसिया | अरूण कुमार चौरसिया | किन्नी | बांसडीह | चैनपुर | 8804612278 | 406169431665 |
| 11 | ममता देवी | लालबिहारी राम | तेनला | कोशियारा | चैनपुर | 7903446592 | 222684739771 |
| 12 | अनीता देवी | रामचन्द्र राम | तेनला | कोशियारा | चैनपुर | 6201339242 | 240452737816 |
| 13 | बिन्दा देवी | यमुना मोची | तेनला | कोशियारा | चैनपुर | 9471112670 | 421901548282 |
| 14 | तसकीना खातुन | शौकत अली | बांसडीह खुर्द | बांसडीह खुर्द | रामगढ़ | 6206313672 | 973611882159 |
| 15 | कुलवन्ती देवी | अशोक यादव | चोरहट | चोरहट | रामगढ़ | 9306592397 | 285953287276 |
| 16 | अनिता देवी | राम नरेश साहु | तुम्बागाड़ा | रबदा | सतबरवा | 6203606225 | 797318730998 |
| 17 | नसीमा परवीन | हजरत अंसारी | डंडार कला | डंडार कला | पांकी | | 754220141334 |
| 18 | रीना देवी | अखिलेश साव | टोंगरा | कोशी | हुसैनाबाद | 7292971961 | 687699114541 |
| 19 | पूनम देवी | स्व० प्रदीप कुमार | लोहरपुरा | इमाम बरेवा | हैदरनगर | 7371079478 | 540892243239 |
| 20 | रीना देवी | उमा शंकर मेहता | लोहरपुरा | इमाम बरेवा | हैदरनगर | 9939562993 | 847735800353 |
| 21 | प्रमिला देवी | लालकिशोर ठाकुर | लोहरपुरा | इमाम बरेवा | हैदरनगर | 9060875044 | 393748123510 |
| 22 | मुन्नी देवी | कृष्णा राम | बरेवा | इमाम बरेवा | हैदरनगर | 6202491992 | 359644188263 |
| 23 | शिवकुमारी देवी | बालेश्वर प्रजापति | पिपरा | पिपरा | पिपरा | 6202966932 | 703292558786 |

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू

PR 357143 (Animal Husbandry)25-26*D

## एक दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण संपन्न



**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र गुमला (विकास भारती बिशुनपुर) द्वारा 12 जुलाई 2025 को सिसई प्रखंड के नगर पंचायत अंतर्गत "आदर्श दलहनी गांव" योजना के तहत एक दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत के मुखिया रवि उरांव ने की। मुख्य वक्ता श्रीदेवी उरांव ने कहा कि क्षेत्र में अरहर और उड़द की खेती व्यापक रूप से होती है, लेकिन पुराने बीज एवं पारंपरिक तकनीकों के कारण उत्पादन व उत्पादकता में कमी आ रही है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को नई तकनीकों से लैस करना है ताकि वे आने वाले समय में आत्मनिर्भर बन सकें। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एनो राई ने जानकारी दी कि यह परियोजना भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही है, जिसके अंतर्गत गुमला जिले के नगर एवं फोरी पंचायतों में यह मॉडल परियोजना लागू की गई है। इसमें 100 हेक्टेयर में अरहर और 200 हेक्टेयर में उड़द की फसलों पर प्रत्यक्षण (डेमोंस्ट्रेशन) किया जाएगा। इसके साथ ही किसानों को बीज उत्पादन से जोड़ते हुए बीज की स्थानीय उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

## सरस्वती विद्या मंदिर में संकुल स्तरीय मेधावी छात्र सम्मान समारोह संपन्न



**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गुमला में विद्या विकास समिति, झारखंड के योजनानुसार संकुल स्तरीय मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन अत्यंत गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 33 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिनके चेहरे पर आत्मविश्वास और गर्व की चमक दिखाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुमला विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने की। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने कहा, "सिर्फ सफल होना ही नहीं, जीवन का सार्थक होना भी आवश्यक है। विद्यार्थियों को हर क्षेत्र में कौशल विकसित करना चाहिए और जहां जाएं अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहिए।" सचिव विजय बहादुर सिंह ने छात्रों को सफलता के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की सलाह देते हुए कहा, "कोई भी कार्य अधूरा न छोड़ें, जब तक मंजिल ना मिले, प्रयास न रुकें। सफलता आपके कदम चूमेगी।" समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती, ओम व भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकिशोर रजक, उपाध्यक्ष अशोक मुकुल, प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा, एकलव्य मॉडल विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार तथा सिसई विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार वर्मा उपस्थित रहे। आचार्या आशा दीदी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। समारोह के दौरान विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गीत और नृत्य ने सभी को भावविभोर कर दिया। अभिभावकों ने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय विद्यालय के अनुशासन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और सकारात्मक वातावरण को दिया। प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय न केवल शिक्षा, बल्कि संस्कार, संस्कृति और समर्पण के मूल्यों पर आधारित निर्माण की दिशा में कार्यरत है।

## भरनो के पास दो मालवाहक ट्रकों में जोरदार टक्कर, चालक घायल



**भरनो (गुमला)।** एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो के पुराना थाना के समीप शनिवार को दो मालवाहक ट्रकों के बीच पीछे से जोरदार टक्कर हो गई। गुमला से रांची की ओर जा रहे एक ट्रक ने सामने चल रहे दूसरे ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे पीछे वाले ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में पीछे वाले ट्रक के चालक को मामूली चोटें आई हैं, जबकि सामने वाले ट्रक के चालक को किसी प्रकार की चोट नहीं लगी है। दुर्घटना के तुरंत बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त ट्रक को हाइड्रा वाहन की मदद से सड़क से हटवाया और यातायात को सामान्य कराया।

## पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है: सुदर्शन भगत

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के वनटोली गांव स्थित राज विद्या केंद्र परिसर में शनिवार को वन महोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, वन प्रमंडल पदाधिकारी बेलाल अहमद अनवर, प्रशिक्षु आईएफएस अधिकारी आदर्श शरण, रेंजर जॉन रोबोट तिर्की, सहित राज विद्या केंद्र के सदस्यों ने मिलकर 200 से अधिक फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित अतिथियों ने राज विद्या केंद्र के प्रेरणास्त्रोत प्रेम रावत जी के जीवन परिचय और शांति संदेश को प्रोजेक्टर के माध्यम से देखा। पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने अपने संबोधन में कहा, "वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### डीसी ने किया औचक निरीक्षण

# पुस्तकालय, सीएचसी व आंगनबाड़ी केंद्र की व्यवस्थाओं पर उपायुक्त ने जताई चिंता

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** जिले की उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने आज घाघरा प्रखंड में संचालित महात्मा गांधी पुस्तकालय भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) तथा टोंकाटोली आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सभी स्थलों की सुविधाओं, संसाधनों एवं सेवा गुणवत्ता का प्रत्यक्ष मूल्यांकन करते हुए आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरुआत महात्मा गांधी पुस्तकालय से करते हुए उपायुक्त ने पुस्तकालय की व्यवस्थाएं देखीं और बच्चों से बातचीत कर उनकी आवश्यकताओं को समझा। विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम पाए जाने पर उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष प्रचार-प्रसार कर पुस्तकालय उपयोगिता को बढ़ाया जाए ताकि अधिक से अधिक छात्र इसका लाभ उठा सकें। इसके बाद उपायुक्त घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं, जहां उन्होंने लेबर रूम, डायलिसिस यूनिट, दवा भंडार और डॉक्टर कक्ष सहित विभिन्न इकाइयों का गहन निरीक्षण किया। गर्भवती महिलाओं से संवाद कर चिकित्सा सुविधाओं की स्थिति जानी और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुशल एक्का को सेवाओं की सतत गुणवत्ता बनाए रखने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने डायलिसिस यूनिट की स्थिति, चिकित्सकों की उपलब्धता और 108 एम्बुलेंस सेवा के निष्क्रिय होने की जानकारी पर वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। सीएचसी परिसर में सीपेज और पीसीसी सड़क निर्माण की आवश्यकता पर शीघ्र प्रस्ताव भेजने का निर्देश भी दिया गया। निरीक्षण के अंतिम चरण में उपायुक्त टोंकाटोली आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचीं। उन्होंने बच्चों की उपस्थिति पंजिका, नामांकन रजिस्टर एवं भौतिक स्थिति का जायजा लिया। केंद्र की संरचनात्मक स्थिति को देखते हुए उन्होंने जिले के अन्य आंगनबाड़ी केंद्रों की भी शीघ्र मरम्मत सुनिश्चित करने की बात कही।

## बाइक की जिद में नाबालिग ने की आत्महत्या की कोशिश

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के तुरीअम्बा पंचायत अंतर्गत चेटो गांव निवासी 15 वर्षीय नाबालिग जीवन उरांव ने बाइक नहीं मिलने पर आवेश में आकर आत्महत्या का प्रयास किया, लेकिन समय रहते उसकी जान बच गई। जब जीवन उरांव ने अपने घर की छत में लगे बांस की बल्ली से दुपट्टा बांधकर फांसी लगाने का प्रयास किया। सौभाग्यवश, बांस की बल्ली अचानक टूट गई, जिससे वह नीचे गिर गया और उसकी जान बच गई। हालांकि, इस दौरान उसका एक पैर चोटिल हो गया।

### सिविल सर्जन ने भरनो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

## स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर दिया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**भरनो (गुमला)।** जिले के सिविल सर्जन डॉ. शम्भूनाथ चौधरी ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो का अचानक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की ओपीडी, लैब, कार्यालय व्यवस्था, एनसीडी यूनिट, कोल्ड चेन दवा भंडारण, डेंटल एवं आई क्लिनिक सहित विभिन्न विभागों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की स्थिति को देखा और स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता में सुधार के लिए डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। सिविल सर्जन ने कहा कि सुधार और पारदर्शिता के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं की निरंतर निगरानी जरूरी है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान आरसीएचओ सुनील राम, डॉ. आशुतोष कुमार सिंह, जावेद अंसारी, राणा चंदन सिंह, फहीम चौधरी सहित अस्पताल के अन्य कर्मी उपस्थित थे। अधिकारियों की उपस्थिति में अस्पताल कर्मियों को समर्पण और अनुशासन के साथ कार्य करने की अपील की गई, ताकि भरनो स्वास्थ्य केंद्र जिले का एक आदर्श संस्थान बन सके।

## निशा भगत के नेतृत्व में पेशा कानून लागू के लिए लिट्टा टोली से राजभवन तक पदयात्रा



**सिसई (गुमला)।** केन्द्रीय सरना समिति ने निशा भगत के नेतृत्व में पेशा कानून लागू कराने को लेकर लिट्टा टोली गुमला से राजभवन रांची तक के लिए पदयात्रा प्रारंभ किया। इसके पहले लिट्टा टोली में स्व कार्तिक उरांव व उनकी पत्नी स्व सुमति उरांव के समाधि स्थल पर पाहान पुजार के द्वारा पूजा अर्चना कराते हुए उनके समाधि पर निशा भगत, एंजेल लकड़ा, खुश्बू एवं केन्द्रीय सरना समिति के पदाधिकारियों के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। और इसके साथ ही पदयात्रा का शुभारंभ किया गया। इस पदयात्रा के दौरान सिसई प्रखण्ड के रेड़वा में स्व तेलंगा खड़िया के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए पदयात्री आगे बढ़े। सिसई कुम्हार मोड़ पहुंचने पर सरना समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष जलेश्वर उरांव, सचिव रोपना उरांव, कोषाध्यक्ष गन्दूर भगत व आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष कैप्टन लोहरा उरांव, सचिव सच्चिदानंद उरांव संजय भगत, सोमेश उरांव, जगदेव उरांव, सुखदेव उरांव, रामनिवास उरांव एवं आदिवासी महिलाओं में बसंती देवी, सुधैन उरांव, ऐतवारी, रामरति, रितु, ललिता उरांव, स्वाति उरांव, उर्मिला उरांव ने माला पहना कर पदयात्रा में शामिल लोगों का भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात केन्द्रीय सरना स्थल सिसई थाना चौक में पुनः स्वागत करते हुए आदिवासी कला सांस्कृतिक भवन विश्राम कराया गया। जहां उनके लिए जलपान का व्यवस्था किया गया था। निशा भगत ने सरना समाज के लोगों को संबोधित किया। उन्होंने राज्य सरकार के प्रति रोष प्रकट करते हुए कहा कि राज्य की वर्तमान सरकार हम आदिवासियों को छलने का काम कर रही है। हमलोगों सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करते आई है। हमें हमारे हक और अधिकार से वंचित किया जा रहा है। ये सरकार आदिवासी के ऊपर जुल्म कर रही है जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारे जर जंगल को उजाड़ा जा रहा है इसे रोकना होगा। आज हम आदिवासियों को मकान बनाने के लिए नदी से बालू लाने पर सरकार को टैक्स देना पड़ता है। अपने हक अधिकार को लेने के लिए ही पेशा कानून लागू कराना होगा। उन्होंने ये भी कहा कि पेशा कानून के लागू हो जाने से जर, जंगल, जमीन, बालू उत्खनन और सभी प्रकार के खनिज संपदाओं में पूर्ण रूप से हम आदिवासियों का अधिकार होगा।

## वाहन जांच अभियान के दौरान 25 वाहन चालकों पर लगा जुर्माना

**पालकोट (गुमला)।** सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने और यातायात नियमों के अनुपालन को सख्ती से लागू करने के उद्देश्य से उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक गुमला के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार गोप की अगुवाई में पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत बघिमा चौक पर शनिवार को मोटरसाइकिल जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान नियमों के उल्लंघन पर चालान काटने के साथ-साथ लोगों को जागरूक भी किया गया। इस अभियान में बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 25 लोगों को रोका गया। इन सभी को यातायात नियमों की महत्ता, सड़क पर सतर्कता और सुरक्षा उपकरणों के उपयोग से जुड़ी विस्तृत जानकारी देते हुए रोड सेफ्टी काउंसलिंग दी गई। जिला परिवहन पदाधिकारी ने समझाया कि हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग न केवल कानूनी बाध्यता है, बल्कि इससे जीवन की सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है।

## कृषि विभाग ने किया बीज का वितरण

**गुमला।** जिले के प्रवासी श्रमिकों को आर्थिक पुनर्वास और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण राहत मिली है। उपायुक्त श्रीमती प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा 32 श्रमिकों को निःशुल्क बीज और शत-प्रतिशत अनुदान पर कृषि यंत्र प्रदान किए गए। यह पहल गुमला जिले में पलायन की समस्या को नियंत्रित करने और श्रमिकों को स्थायी आजीविका से जोड़ने की दिशा में मील का पत्थर मानी जा रही है। हाल ही में रांची के एक ईंट भट्ठे से उचित मजदूरी नहीं मिलने के कारण 32 प्रवासी श्रमिक अपने गृह जिला गुमला लौटे थे। उन्होंने उपायुक्त महोदया से मिलकर अपनी समस्याएं साझा कीं।

## न्यूज बॉक्स

### स्कूली बच्चों ने किया सरकारी कार्यालयों का भ्रमण, जानी कार्यप्रणाली



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के स्कूली बच्चों ने शुक्रवार को अपने शिक्षकों और शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में स्थानीय सरकारी कार्यालयों का शैक्षिक भ्रमण किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सरकारी कार्यालयों की कार्यप्रणाली और उनके महत्व से परिचित कराना था।भ्रमण के दौरान, बच्चों ने प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, चैनपुर थाना परिसर, और पोस्ट कार्यालय का दौरा किया। शिक्षकों ने प्रत्येक कार्यालय के कार्यों और वहां कार्यरत अधिकारियों की भूमिकाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ सभी कार्यालयों का अवलोकन किया और अपनी जिज्ञासाओं को शांत करने के लिए उत्सुकता से प्रश्न भी पूछे।इस भ्रमण से बच्चों को यह समझने में मदद मिली कि ये कार्यालय किस प्रकार आम जनता के लिए महत्वपूर्ण सेवाएँ प्रदान करते हैं। यह शैक्षिक अनुभव बच्चों के लिए अविस्मरणीय रहा, जिससे उन्हें अपनी स्थानीय प्रशासन प्रणाली को करीब से जानने और समझने का अवसर मिला। इस तरह की गतिविधियाँ बच्चों में नागरिक चेतना और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने में सहायक होती हैं।

### पीडीएस डीलरों की समीक्षा बैठक में ई-केवाईसी और वितरण में तेजी लाने का निर्देश



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने शनिवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ एक समीक्षा बैठक की। यह बैठक उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार आयोजित की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य पीडीएस दुकानों के संचालन में पारदर्शिता और सुविधा लाना था।बैठक में बीडीओ यादव बैठा ने सभी पीडीएस दुकानदारों से गहनतापूर्वक विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की। इसमें राशन कार्ड में लाभार्थियों के ई-केवाईसी की अद्यतन स्थिति, पीएचएच और एएवाई राशन कार्ड के वितरण प्रतिशत, ग्रीन राशन कार्ड के वितरण प्रतिशत, तथा चीनी, नमक, सोना सोबरन धोती, साड़ी और लुंगी के वितरण की स्थिति शामिल थी। जिन पीडीएस दुकानदारों का वितरण प्रतिशत कम पाया गया, उन्हें सख्त निर्देश दिए गए कि वे इसमें सुधार करें और वितरण प्रतिशत बढ़ाएं। श्री बैठा ने सभी दुकानदारों को समय पर खाद्यान्न का उठाव और वितरण करने के साथ-साथ ई-केवाईसी को शत-प्रतिशत पूरा करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की अनियमितता की शिकायत मिलने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस मौके पर सहायक गोदाम प्रबंधक संदीप टेटे, कंप्यूटर ऑपरेटर मनीष भगत सहित प्रखंड के सभी जन वितरण दुकानदार उपस्थित थे। इस बैठक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लाभार्थियों तक राशन और अन्य आवश्यक वस्तुएं समय पर और बिना किसी बाधा के पहुंच सकें, जिससे पीडीएस प्रणाली में अधिक जवाबदेही और दक्षता लाई जा सके।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार**

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 11/2025–26
दिनांक– 11.07.2025

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 18.07.2025 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 19.07.2025 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 19.07.2025 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7 .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Renovation of DDC Residence at Latehar Under Latehar District. | 4198500/- | 84000 /- | 5000/- | 02 (Two ) Month s |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR 357137 Building(25-26).D


# आंजन धाम टोल प्लाजा में स्थानीय को शुल्क में छूट नहीं मिलने से बवाल

### जनप्रतिनिधियों ने जताई कड़ी आपत्ति, कहा- स्थानीय जनता के साथ हो रहा अन्याय

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिसई (गुमला)।** गुमला से पलमा तक के एनएच-23 फोरलेन के अंतर्गत 63 किलोमीटर लंबी सड़क में से 61 किमी मार्ग का निर्माण पूरा कर लिया गया है। इसी क्रम में सिसई प्रखंड के नागफेनी में बनाए गए नवनिर्मित टोल प्लाजा "आंजन धाम" का 11 जुलाई 2025 को उद्घाटन कर दिया गया। हालांकि, टोल प्लाजा के चालू होते ही स्थानीय नागरिकों में शुल्क छूट नहीं दिए जाने को लेकर भारी नाराजगी देखी जा रही है। अमृतपाल सिंह टोल शुल्क वसूली एजेंसी द्वारा स्थानीय लोगों से मासिक पास शुल्क 360 की मांग की जा रही है। जबकि, स्थानीय लोग बार-बार आने-जाने की मजबूरी और आर्थिक सीमितता के कारण पूर्ण छूट की मांग कर रहे हैं। एजेंसी के इस निर्णय और व्यवहार से आक्रोशित लोगों ने बवाल किया। शनिवार को इस मुद्दे को लेकर प्रखंड कार्यालय सभागार में विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें कई प्रमुख जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, जिप सदस्य विजयलक्ष्मी कुमारी, एसडीओ राजीव नीरज, एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, प्रखंड प्रमुख मीना देवी, बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नितेश रोशन खलखो,थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह,विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, एनएचएआई प्रोजेक्ट निदेशक राजीव रंजन, टोल एजेंसी के प्रबंधक जेएमएम नेता उमर फारूक अंसारी शामिल रहे। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा ने सवाल उठाते हुए कहा की टोल प्लाजा का उद्घाटन बिना सूचना के गुप्त रूप से कर देना अत्यंत आपत्तिजनक है। न जनप्रतिनिधियों को बुलाया गया, न प्रशासन को। यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया की अवहेलना है।" साथ ही उन्होंने टोलकर्मियों के अमर्यादित व्यवहार पर भी नाराजगी जताई।

**● स्थानीय लोगों को मिले पूर्ण छूट जनप्रतिनिधियों की मांग**

जेएमएम नेता उमर फारूक अंसारी ने कहा की सिसई, गुमला और भरनो प्रखंड के सभी स्थानीय लोगों को पूर्ण छूट मिलनी चाहिए, अन्यथा आंदोलन और सड़क जाम होगा।" उन्होंने स्थानीयों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए मासिक पास को भी अनुचित बताया। विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव ने कहा की स्थानीयों की जमीन सड़क निर्माण में ली गई है, ऐसे में उन्हें टोल प्लाजा में रोजगार भी दिया जाना चाहिए। बाहरी लोगों की नियुक्ति से विवाद की आशंका बनी रहेगी।" इसपर जिला परिषद अध्यक्ष ने बीडीओ और सीओ को ऐसे 10 स्थानीय लोगों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। एजेंसी प्रबंधक ने स्थानीय रोजगार पर भी सहमति जताई है और जनप्रतिनिधियों से 10 लोगों की सूची मांगी है जिनकी भूमि सड़क निर्माण में अधिग्रहित की गई थी। बैठक के अंत में स्थानीय मुखिया बंदीराम उरांव, शोभा देवी, अलबिना देवी, सुनीता कुमारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया कि इस अस्थायी राहत को स्थायी रूप दिया जाए और टोल प्लाजा के व्यवहार पर निगरानी रखी जाए।

### चैंबर ऑफ कॉमर्स ने जताया कड़ा विरोध

**गुमला।** नागफेनी फोरलेन टोल प्लाजा की मनमानी व अव्यवस्था को लेकर गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स ने कड़ा विरोध जताया है। चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि अधूरी सड़क पर बिना पूर्व सूचना के टोल वसूली शुरू किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने बताया कि एनएच 23 पर अब भी निर्माण कार्य अधूरा है, इसके बावजूद टोल प्लाजा को चालू कर देना समझ से परे है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले स्थानीय वाहनों से भी मनमाने ढंग से शुल्क वसूला जा रहा है, जो नियमों के विपरीत है। राजेश सिंह ने कहा कि स्थानीय लोग जब इस विषय पर अपनी बात रखने या विरोध जताने का प्रयास करते हैं, तो टोल कर्मियों द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है, जो निंदनीय है।


**कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा**

**वित्तीय वर्ष 2024–25 में पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति भुगतान से संबंधित आवश्यक सूचना।**

पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के ekalyan (ekalyan.cgg.gov.in) पोर्टल पर लोहरदगा जिला अन्तर्गत जिन छात्र–छात्राओं का ऑनलाईन आवेदन वर्ष 2024–25 का Status "Approved by DLC Officer" (Student Login में "Pending by DLC Officer") है वे आवेदन में दिये गये आधार संख्या को अपने बैंक खाता के साथ दिनांक **15 जुलाई 2025** तक निश्चित रूप से लिंक करा ले। कुछ आवेदन से संबंधित आधार असक्रिय (Inactive) होने के कारण भी भुगतान नहीं हो पा रहा है। ऐसे आवेदक अपना आधार को दिनांक **15 जुलाई 2025** तक सक्रिय (Active) करा लें। **पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति का भुगतान PFMS के माध्यम से Aadhar Enabled DBT द्वारा ही करने का विभागीय निदेश प्राप्त है।**

उक्त तिथि के पश्चात् Mapping / आधार Active कराने वाले छात्रों को वर्ष 2024–25 का छात्रवृति राशि का भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। चूँकी 15 जुलाई 2025 के बाद ई–कल्याण पोर्टल बंद हो जायेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी आवेदक की होगी। आधार लिंक एवं NPCI में Mapping की जानकारी आधार की वेबसाईट से (https://myaadhaar.uidai.gov.in→ Login पर क्लिक करना होगा। जिसके बाद आधार न0 एवं Captcha Enter करके Send OTP करना है। Send OTP करने के पश्चात आपके आधार से रजिस्टर्ड मोबाईन न0 पर 6 अंको का OTP प्राप्त होगा, OTP Enter कर Login करना है। Login करने के बाद Bank Seeding Status पर क्लिक करके) प्राप्त किया जा सकता है। अथवा ई–कल्याण पोर्टल में (Services & Schedule→ Student Services & Schedule (Post-Matric) → Check status of your AADHAAR linked bank account number Click Here) लिंक के माध्यम से ऑनलाईन प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
जिला कल्याण पदाधिकारी,
लोहरदगा।

PR.NO.357186 Lohardaga(25-26):D

